
हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 11 जनवरी 2026

[ देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल| नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर| कायथा ]

06 इंदौर बैतूल हाईवे स्थित चापड़ा चौराहे पर बदहाल...



09 महिलाओं व बालिकाओं को आत्मसम्मान सुरक्षा व...



## खबर संक्षेप

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने सोमनाथ स्वाभिमान पर्व अंतर्गत किया मंत्र जाप



**नलखेड़ा।** सोमनाथ मंदिर के एक हजार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सोमनाथ स्वाभिमान पर्व अंतर्गत भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा शिव मंदिर में मंत्र जाप किया गया। शनिवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने मां बगलामुखी मंदिर के समीप स्थित श्री इच्छापूर्ति महादेव मंदिर पर ओम नमो शिवाय मंत्र का जाप किया। इस दौरान प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलीप सकलेचा, मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### शहर में 26 जनवरी से सात दिवसीय शिव महापुराण

**सीहोर।** कथा वाचक पंडित राघव मिश्रा आगामी दिनों शहर के बड़ा बाजार स्थित अग्रवाल धर्मशाला में 26 जनवरी से सात दिवसीय शिव महापुराण करेंगे। कथा के आयोजन को लेकर तैयारियां की जा रही है। कथा दोपहर दो बजे से और सात दिन लगातार सुबह नौ बजे रुद्र अभिषेक नियमित रूप से किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए नारी शक्ति महिला मंडल की ओर से ज्योति अग्रवाल एवं अंजू अजय अग्रवाल ने बताया कि शहर के सभी महिला मंडलों की ओर से सात दिवसीय शिव महापुराण का आयोजन किया जा रहा है। नारी शक्ति महिला मंडल की बैठकों का आयोजन आगामी दिनों में किया जाएगा। जिसमें रुद्राभिषेक, कथा और भव्य शोभा यात्रा आदि के संबंध में चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि सात दिवसीय शिव महापुराण में भगवान शिव की लीलाओं और 12 ज्योर्तिलिंगों के बारे में विस्तार से वर्णन किया जाएगा। कथा के पहले दिन सुबह 10 बजे शहर के बड़ा बाजार से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए कथा स्थल पर पहुंचेगी। इसके पश्चात कथा वाचक पंडित राघव मिश्रा के द्वारा यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को नियमित रूप से प्रसादी प्रदान की जाएगी।

### सीहोर में रोजगार मेला 16 जनवरी को

**सीहोर।** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 16 जनवरी को सीहोर स्थित डॉ. अम्बेडकर शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में सुबह 11 बजे से युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा।

### नर्सरी की आड़ में चल रही थी करोड़ों की ड्रग्स फैक्ट्री

# नारकोटिक्स की रेड में 10 करोड़ की 31 किलो एमडी ड्रग्स जब्त, 600 किलो केमिकल बरामद





हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर मालवा

जिले में नशे के कारोबार ने जिस खतरनाक स्तर को छू लिया है, उसका खुलासा शनिवार तड़के केंद्रीय नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की कार्रवाई में हुआ। आमला क्षेत्र स्थित तीर्थ नर्सरी की आड़ में चल रही एमडी ड्रग्स की अवैध फैक्ट्री पर नारकोटिक्स ने सुबह करीब 4 बजे दबिश देकर 10 करोड़ से अधिक की करीब 31 किलो 250 ग्राम एमडी ड्रग्स जब्त की है। यह कार्रवाई जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है।

नारकोटिक्स उज्जैन क्षेत्र के अधीक्षक मुकेश खत्री एवं नीमच व जावरा प्रभारी वीएस कुमार ने बताया कि विभाग को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आमला क्षेत्र में एमडी ड्रग्स की बड़ी खेप लेने कोई तस्कर पहुंचने वाला है। इसी आधार पर नारकोटिक्स की विशेष टीम ने तड़के से ही तीर्थ नर्सरी की चारों ओर से घेराबंदी कर दी। कई घंटों तक इंतजार के बावजूद जब कोई संदिग्ध मौके पर नहीं पहुंचा, तो टीम ने नर्सरी परिसर के भीतर छापा मारने की कार्रवाई की। छापे के दौरान जो सामने आया, उसने अधिकारियों को भी चौंका दिया। नर्सरी परिसर के भीतर एमडी ड्रग्स बनाने की पूरी गुप्त लेब संचालित हो रही थी। मौके से भारी मात्रा में तैयार एमडी ड्रग्स के साथ-साथ करीब 600 किलो खतरनाक केमिकल भी बरामद किए गए। इसके अलावा ड्रग्स बनाने में प्रयुक्त मशीनें, उपकरण और अन्य तकनीकी सामग्री भी जब्त की गई है। नारकोटिक्स टीम ने मौके पर ही अवैध लैब को नष्ट कर दिया, ताकि भविष्य में यहां दोबारा ड्रग्स निर्माण न हो सके। अधिकारियों के अनुसार जब्त एमडी ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 50 करोड़ से अधिक आंकी जा रही है। कार्रवाई के दौरान नारकोटिक्स विभाग ने मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनसे पूछताछ जारी है। अधिकारियों का कहना है कि पूछताछ में अभी और खुलासे होने की संभावना है।

यह मामला इसलिए भी गंभीर है क्योंकि जिले में इतने बड़े पैमाने पर ड्रग्स का कारोबार चल रहा था और स्थानीय पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। करोड़ों रुपये की ड्रग्स फैक्ट्री का नर्सरी की आड़ में संचालन होना, जिले की कानून-व्यवस्था और निगरानी तंत्र पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। जानकारों का मानना है कि आगर मालवा जिला अब धीरे-धीरे ड्रग्स तस्करी के नए हब के रूप में उभरता जा रहा है। नारकोटिक्स की इस कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में विभागीय अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। शाम करीब 5 बजे के आसपास सीएसपी मोतीलाल कुशवाह एवं कोतवाली थाना प्रभारी शशि उपाध्याय भी घटनास्थल पर पहुंचे। देर शाम तक कार्रवाई और जांच की प्रक्रिया जारी रही।

### श्रद्धालु बड़ी संख्या में ले रहे भाग

## टीकोन धाम वाले गुरुजी के सानिध्य में चल रही ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा यात्रा




हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

ग्राम टीकोन धाम वाले श्री सदगुरुदेव महाराज के सानिध्य में बाबारी भक्तों द्वारा ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा यात्रा श्रद्धा एवं भक्ति भाव से संपन्न की जा रही है। सनातन धर्म में ब्रज 84 कोस परिक्रमा यात्रा का बड़ा महत्व एवं पुण्य माना जाता है। नलखेड़ा क्षेत्र सहित अन्य स्थानों के बड़ी संख्या में बाबारी भक्त टीकोन धाम वाले गुरुजी शिवनारायण पाटीदार के सानिध्य में ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा यात्रा श्रद्धा एवं भक्ति भाव से संपन्न कर रहे हैं। यात्रा में बड़ोदरा के हरिरायजी जै जै, राजगढ़ क्षेत्र के सांसद रोडमल नागर भी शामिल है। इस यात्रा का कुशल संयोजन यात्रा संयोजक सत्तू भैया करेड़ी (पचोर) द्वारा किया जा रहा है। मालवा क्षेत्र के प्रतिष्ठित तीर्थ पुरोहित पं. रतनलाल मोहन मुखराम (मालवा धर्मशाला, मथुरा) के सुपुत्र गोपाल, राहुल, रितेश एवं गौरव सहित सभी ब्राह्मण देवताओं की विधिपूर्वक पंडिताई में यात्रा संपन्न हो रही है। गुरुजी पाटीदार ने बताया कि यह परिक्रमा यात्रा ब्रजभूमि की सनातन परंपरा, भक्ति, साधना और सांस्कृतिक चेतना को जन-जन तक पहुंचाने का एक माध्यम बन रही है। गुरुकृपा और प्रभु अनुग्रह से यह यात्रा आध्यात्मिक ऊर्जा, अनुशासन और श्रद्धा के साथ निरंतर आगे बढ़ रही है।

## पीजी कॉलेज के प्राचार्य का कोतवाली चौराहे पर एनएसयूआई ने जलाया पुतला

### कार्यकर्ताओं ने की दुर्व्यवहार और अपशब्द टिप्पणी के विरोध में नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को कोतवाली चौराहे पर प्रधानमंत्री एक्सीलेंस पीजी कॉलेज के प्राचार्य रोहिताश्य शर्मा का पुतला जलाकर आक्रोश प्रकट किया। कार्यकर्ताओं ने युवक कांग्रेस और एनएसयूआई के नेताओं के साथ दुर्व्यवहार करने और छात्र छात्राओं के लिए अपशब्द टिप्पणी के विरोध में एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष मनीष मेवाड़ा के नेतृत्व में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष मनीष मेवाड़ा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज के प्राचार्य रोहिताशय शर्मा किसी भाजपा नेता की तरह काम कर रहे है। कॉलेज में जारी अव्यवस्थाओं का विरोध करने पर युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के नेताओं के साथ बदतमीजी कर रहे है। यहीं नहीं प्राचार्य के द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए भी अब शब्द कहे है। विरोध करने पर प्राचार्य ने युवा कांग्रेग जिलाध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर, प्रदेश सचिव हरिओम सिसोदिया, यश यादव और विधानसभा अध्यक्ष तनिश त्यागी के खिलाफ झूठी एफआईआर भी दर्ज करा दी है। एनएसयूआई अपने नेताओं और छात्र-छात्राओं का अपमान बर्दास्त नहीं करेंगी। कॉलेज के प्राचार्य को तत्काल हटाकर कर्रवाही की जाए और दर्ज एफआईआर को भी निरस्त किया जाए। पुतला दहन में मोनू शर्मा, लक्की सक्सेना, अनुभव सेन, प्रमोद वर्मा, शुभम मालवीय, प्रवेश परिहार, दिग्विजय सिंह, अरुण परमार, उदित मालवीय, दिवंशय मालवीय, हरिओम वर्मा, जितेन्द्र परमार, नमन,अनिकेत मालवीय सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह के आवेदन शुरू नगर पालिका में होंगे जमा

**सीहोर।** आगामी 11 मार्च 2026 को मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह का आयोजन आवासीय खेलकूद स्कूल प्रांगण में होने जा रहा है। जिसमें कवेल बीपीएल धारी परिवार की कन्याओं को सम्मिलित किया जाना है, नगर पालिका परिषद, सीहोर में समय पर आवेदन प्रस्तुत कर योजना का लाभ उठायें।

### पंचमुखी हनुमान मंदिर पर भजन संध्या व सुंदरकांड का आयोजन 14 को

**नलखेड़ा।** प्रसिद्ध भजन गायक सुधीर व्यास की भजन संध्या के साथ सुंदरकांड का आयोजन 14 जनवरी को नगर में होने जा रहा है। स्थानीय चौक बाजार स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर पर जय मां बगलामुखी रियल स्टेट कारोबारी आशीष खंडेलवाल द्वारा 14 जनवरी रात्रि 6 बजे से भजन संध्या के साथ सुंदर कांड का धार्मिक आयोजन कराया जा रहा है। भजन संध्या के इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सम्मानित देश के सुप्रसिद्ध भजन गायक जिनके द्वारा प्रस्तुत भजन यह चमक यह दमक, सब कुछ सरकार तुम्हीं से है। काफी लोकप्रिय होकर प्रसिद्ध हो गया है ऐसे भजन गायक सुधीर व्यास द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। भजन संध्या के आयोजक खंडेलवाल ने सनातन धर्म प्रेमी बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर भजन संध्या को सफल बनाने की अपील की है।



## बदबूदार पानी को लेकर नागरिकों ने जताई चिंता, ज्ञापन सौंपा

**सीहोर।** नपा द्वारा सफलाई किए जा रहे गंदे पानी का मुद्दा गरमाया गया है। बदबूदार सीवेज युक्त पानी को लेकर नागरिकों में गहरी चिंता दिखाई दे रही है। घरों में पेट दर्द, उल्टी-दस्त और संक्रमण की शिकायतें सामने आई हैं। अनेक नागरिकों ने नारेबाजी के साथ जताया रोष प्रकट किया। अनेक परिवार पानी उबालकर पीने को मजबूर हैं, फिर भी पूरी तरह सुरक्षित महसूस नहीं कर पा रहे। कस्बा क्षेत्र में नलों से आ रहे गंदे, बदबूदार और सीवेज युक्त पानी को लेकर शुक्रवार को नागरिकों ने आज़म लाला के नेतृत्व में एसडीएम कार्यालय पहुंचे कर कलेक्टर के नाम का ज्ञापन नायब तहसीलदार अमित सिंह को दिया है। नागरिकों ने ज्ञापन सौंपकर तत्काल शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने और वितरण व्यवस्था को सुधार ने की मांग की है।

जनसेवक आज़म लाला ने कहा कि वार्ड क्रमांक 30 में लंबे समय से दूषित पानी की आपूर्ति नगर पालिका के द्वारा की जा रही है। इस संबंध में कई बार नगर पालिका कार्यालय को शिकायतें किए जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस समस्या का निराकरण नहीं किया गया है और जिम्मेदार कर्मचारियों पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। मजबूरी में लोग गंदा पानी पीने को विवश हैं, गंदा पानी बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा पैदा कर रहा है। इंदौर घटना का हवाला देते हुए आज़म लाला ने कहा कि इंदौर में दूषित पानी पीने से मौतों हुई है। इस के बाद भी प्रशासन घटना से सबक नहीं ले रहा है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते जलापूतिज़ लाइनों की जांच, सफाई और मरम्मत नहीं की गई तो कस्बा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 30 में भी किसी बड़ी अनहोनी से इनकार नहीं किया जा सकता। नागरिकों का कहना है कि पिछले कई दिनों से क्षेत्र में मटमैला और बदबूदार पानी सप्लाई हो रहा है।



जनहित में जनसेवक आज़म लाला ने जलापूर्ति पाइपलाइन की तत्काल जांच कर सीवेज मिलावट का कारण दूर किया जाने,सप्लाई होने वाले पानी की नियमित लैब जांच कर रिपोटर्7 सार्वजनिक करने,स्थायी समाधान तक टैंकरों से शुद्ध पेयजल नागरिकों को उपलब्ध कराने और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों कर्मचारियों एवं संबंधित एजेंसियों पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। आज़म लाला ने कहा कि यदि तय समय में हालात नहीं सुधरे तो वार्डवासी बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। प्रदर्शन में जमशेद पहलवान, रवि पांडे, शेरू भाई, आसिफ भाई, मजीद खान, अकरम खान, शमीम भाई, रफू पहलवान, खिजऱ पहलवान, गुड्डु भाई, साबिर भाई, शानू लाला, नासिर उल्लाही, अमित शमाज़, अमन लाला, इमरान लाला, जुनैद अंसारी, रोहन ठाकुर, अरमान पठान, मोहसिन खान, जुनैद पठान, आमिर मंसूरी, इमरान पठान, शरीम पठान, बिट्टू, सरफराज बाबा, इरफान लाला, रईस मंसूरी, आशु गोल्डन, कमलेश गुप्ता, असलम कुरैशी, दानिश खान सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

### न्याय के लिए एसपी कार्यालय में भूख हड़ताल पर बैठे पीड़ित परिजन

# एक्सीडेंट करने वाली एसआई को गिरफ्तार कर नौकरी से बर्खास्त करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

हाईवे पर दुर्घटना को अंजाम देकर एक व्यक्ति की जान लेने वाली और तीन लोगों को गंभीर घायल करने वाली थार कार चालक एसआई किरण राजपूत सहित घायलों की मदद नहीं कर एसआई को मौके से फरार करने वाले आरक्षक के के यादव को गिरफतार करने और नौकरी से बर्खास्त करने की मांग को लेकर पीड़ित परिजन शुक्रवार को एसपी कार्यालय में भूख हड़ताल पर बैठ गए। भूख हड़ताल प्रदर्शन के दौरान मृतक के भाई भारतीय सेना में पदस्थ और कोतवाली टीआई राविंद्र यादव की पुलिस के द्वारा समय पर कार्रवाही नहीं किए जाने को लेकर तीखी बहस भी हो गई।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनिता रावत ने पीड़ित परिजनों को समझाईस देने की कोशिश की लेकिन परिजन कुछ भी सुनने को तैयार नहीं हुए। न्याय के लिए परिजनों के साथ बैठी फरियादिया सीमा शर्मा पत्नि स्वर्गीय जय



शर्मा ग्राम रातीबड तह हुजूर जिला भोपाल ने बताया कि 12 दिसंबर समय दोपहर 12: 30 से 12:45 को पति विजय शर्मा और देवर हिरदेश शर्मा (भारतीय सेना में पदस्थ) राजाराम शर्मा मोटर साईकिल से सीहोर से अपना निजि कार्य निपटा कर घर की ओर लौटते समय झागरिया जोड़ इंदौर भोपाल हाइवे सीहोर रोड पर आष्टा थाना में पदस्थ एस आई किरण राजपूत ने लाल रंग की थार जीप को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए किनारे पर मोटर साइकिल पर सवार पति एवं देवर को टक्कर मार दी ओर 25 से 30 फिट घसीटते हुए कम्बल बेच रहे व्यापारियों को कुचलते हुये झाडियों में घुस गई। पति की अस्पताल ले जाते समय उनकी दर्दनाक मृत्यु हो गई एवं देवर हिरदेश शर्मा गंभीर रूप से घायल होकर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती है। एसआई. किरण राजपूत ने अपनी कार से उतरकर घायलो को देखा तक नहीं उल्टा मौके पर उपस्थित लोगो को धमकाया की मैं पुलिस में एसआई हूं। दो पुलिस वालों की सहायता से अपनी थार कार मौके पर छोड़ कर पुलिस जवानो की मदद से भाग गई।

अब पुलिस द्वारा महिला एमआई को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। जबकी वीडियो सोशल मीडिया एवं समाचार चैनलों पर भी आया है तब पुलिस द्वारा हिट एण्ड रन की धाराओं में एफ आईआर दर्ज नहीं की है। पीड़ित परिवार ने तथ्यों के आधार पर महिला एस.आई. किरण राजपूत पर हिट एण्ड रन की धारा बड़ा कर गिरफ्तार करने नौकरी से हटाने, घटना स्थल पर उपस्थित पुलिस कर्मियों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की की गई है। प्रदर्शन में राजा राम शर्मा,सीमा शर्मा धर्मेंद्र शर्मा,रुद्र शर्मा एवं अन्य परिवार के लोग शामिल रहे।

## ग्रामीण क्षेत्रों में घना कोहरा छाया, न्यूनतम तापमान 8 डिग्री, मावठा गिरने की संभावना

**सीहोर।** जिले में ठंड का असर लगातार बना हुआ है। शुक्रवार सुबह ग्रामीण क्षेत्रों में करीब 10 बजे तक घना कोहरा छाया रहा। कोहरे के कारण सड़कों पर साफ दिखाई नहीं दे रहा था और हाईवे पर वाहनों की रफ्तार काफी धीमी हो गई। वाहन चालकों को हेडलाइट जलाकर चलना पड़ा। ग्रामीण इलाकों के साथ-साथ नदी और तालाबों के आसपास कोहरा ज्यादा घना रहा। भोपाल-इंदौर हाईवे पर भी धुंध और कोहरे के कारण वाहन धीरे-धीरे चलते नजर आए। कई जगह विजिबिलिटी काफी कम हो गई थी।

**जनवरी में फिर बढ़ी ठंड :** जनवरी की शुरुआत में तीन दिन तक घना कोहरा रहा था, इसके बाद कुछ दिन राहत मिली। लेकिन शुक्रवार को एक बार फिर कोहरे ने दस्तक दी।



कभी कोहरा तो कभी साफ आसमान, ऐसे मिले-जुले मौसम के बीच ठंड का असर लगातार बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर दिशा से ठंडी हवाएं आ रही हैं। इससे तापमान में गिरावट देखी गई है। गुरुवार को न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस था, जो शुक्रवार को घटकर 8 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।

**मावठे की भी संभावना :** मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस.एस. तोमर के अनुसार, जब दक्षिण-पूर्व दिशा से हवाएं चलती हैं, तब मावठा गिरने की संभावना बनती है। आने वाले दिनों में हवा की दिशा ऐसी हो सकती है, जिससे जिले में मावठा पड़ने के आसार हैं।

## खबर संक्षेप

### नशामुक्ति और स्वच्छता का दिया संदेश



**देवास।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य डॉ. एसपीएस राणा के मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानंद जयंती 'युवा दिवस' के अवसर पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी भोपाल के निर्देशानुसार स्वच्छता एवं नशा मुक्ति गतिविधियां के अंतर्गत शनिवार को नशामुक्ति और स्वच्छता जागरूकता हेतु महाविद्यालय परिसर में नुक्कड़ नाटक के साथ स्वच्छता अभियान चलते हुए सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स एसडीजी 6 और 3 को कवर किया गया। वॉलेंटियर्स ने सर्वप्रथम महाविद्यालय प्रांगण में स्थित हनुमान जी के मंदिर परिसर को धूल,कचरा मुक्त बनाते हुए पानी से अच्छे से साफ किया और बास्केटबाल खेल मैदान से प्लास्टिक पालीथीन एकत्रित किया। इसके बाद महात्मा गांधी प्रतिमा के सम्मुख नशा मुक्ति पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इस नाटक में ईश्वर लोधी, मुस्कान,खुशबू ,आरती, निखिल आदि स्वयं सेवकों ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. रतन सिंह अनारे,डॉ. आर के मराठा,डॉ. संजय गाडगे, डॉ. लीना दुबे, इको क्लब,रेड क्रॉस ,युवा पर्यटन क्लब प्रभारी जितेंद्र सिंह राजपूत के साथ महाविद्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहा।

### दर्दनाक हादसा: कंटेनर के पहिए के नीचे आने से अधिवक्ता की मौत

# इंदौर बैतूल हाईवे स्थित चापड़ा चौराहे पर बदहाल यातायात व्यवस्था बनी कारण

### 13 नवंबर को पूर्व प्रभारी के निलंबन के बाद से अब तक हाइवे चौकी पर नहीं हुई नए प्रभारी की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



नगर चापड़ा के मुख्य चौराहे की बदहाल यातायात व्यवस्था एक बार फिर जानलेवा साबित हुई। शनिवार सुबह करीब 11 बजे हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में कंटेनर के अगले पहिए के नीचे आने से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे ने स्थानीय प्रशासन और पुलिस व्यवस्था की लापरवाही को उजागर कर दिया है। प्राप्त जानकारी अनुसार मृतक की पहचान यशवंत पिता किशन चौहान, निवासी छिपानेर, तहसील नसरुल्लागंज, जिला सीहोर (म.प्र.) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वे पेशे से अधिवक्ता थे और इंदौर से अपने घर छिपानेर जा रहे थे। चापड़ा चौराहे पर यात्री बस के रुकने के दौरान वे शौचालय जाने के लिए उतरे थे, तभी यह हादसा हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों एवं सीसीटीवी फुटेज के अनुसार, इंदौर की ओर से आ रहा कंटेनर क्रमांक GJ 15 AX 9531 यात्री बस को ओवरटेक करने के प्रयास में रॉन्ग साइड से निकल रहा था। इसी दौरान कंटेनर चालक की चपेट में आने से यशवंत सड़क पर गिर पड़े और कंटेनर का अगला पहिया उनके ऊपर से गुजर गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

#### यातायात अव्यवस्था बनी हादसे की वजह

स्थानीय लोगों का कहना है कि चापड़ा चौराहे पर वाहन चालक मनमाने ढंग से जहां-तहां वाहन खड़े कर देते हैं। खासकर यात्री बसों की अवैध पार्किंग और रॉन्ग साइड से वाहनों की आवाजाही के कारण यहां आए दिन जाम और हादसे होते रहते हैं। चौराहे से इंदौर–बैतूल नेशनल हाईवे गुजरने के कारण भारी व लोडिंग वाहनों का दबाव लगातार बना रहता है।



#### अस्पताल में घोषित किया मृत

हादसे के बाद चौराहे पर भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही 112 डायल पायलट रवि पटेल एवं प्रभारी विवेक गांगे मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल यशवंत को शासकीय अस्पताल बागली ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी कमलापुर सर्जन सिंह मीणा भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मृतक के पास मिले दस्तावेजों के आधार पर उनके पुत्र को सूचना दी, जिसके बाद वह इंदौर से बागली पहुंचे। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है तथा पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

#### कंटेनर चालक हिरासत में

हादसे के बाद कंटेनर चालक वाहन को पुरानी पुलिस चौकी के पास खड़ा कर स्वयं पुलिस चौकी पहुंच गया। पुलिस ने कंटेनर और चालक को राउंडअप कर लिया है।

#### प्रभारी न होने से बढ़ी अव्यवस्था

गौरतलब है कि चापड़ा पुलिस सहायता केंद्र के अंतर्गत 15 से अधिक गांव आते हैं और यह क्षेत्र अत्यंत व्यस्त होने के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है। बावजूद इसके, 13 नवंबर को पूर्व प्रभारी के निलंबन के बाद से अब तक नए प्रभारी की नियुक्ति नहीं की गई है। वर्तमान में यह केंद्र केवल जवानों के भरोसे संचालित हो रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि शांति समिति की बैठकों में कई बार यातायात व्यवस्था सुधारने की मांग की गई, लेकिन प्रशासन की ओर से सिर्फ आश्वासन ही मिले।

#### व्यवस्था में करेंगे सुधार

मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। चौराहे की यातायात व्यवस्था में सुधार किया जाएगा।"

**सर्जन सिंह मीणा,** थाना प्रभारी, कमलापुर

## बरोठा पुलिस ने 38 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब की जब्त

### खुड़ैल से बरखेड़ा ले जाई जा रही थी शराब



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले की बरौठा पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक वेगनार कार से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब जब्त की है। पुलिस ने घेराबंदी कर मौके से 38 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक नाबालिग आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार यह शराब इंदौर के खुडेल क्षेत्र से दिनदहाड़े देवास लाई जा रही थी। जब्त की गई शराब की कीमत करीब 1.50 लाख रुपये आंकी गई है, जबकि वाहन सहित कुल मशरूका लगभग 7 लाख रुपये का बताया जा रहा है।प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि जब्त शराब किसी लाइसेंसी शराब ठेकेदार मोनू सरदार से संबंधित बताई जा रही है। मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है।बरौठा पुलिस ने नाबालिग आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही अवैध शराब की सप्लाई से जुड़े पूरे नेटवर्क की भी गहन जांच की जा रही है।

मामले में बरोठा थाना प्रभारी सविता जाटव ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर केलौद और टीनोनिया गांव के बीच में एक वैगनआर कार की तलाशी ली गई जिसमें नाबालिग वाहन चलाते पाया गया। तलाशी में अंग्रेजी शराब की 38 पेटियां जप्त की गई। पूछताछ में बताया गया कि खुड़ैल से बरखेड़ा ले जा रहा था। नाबालिग ने बताया हैं कि शराब ठेकेदार मोनू सरदार की हैं। जिसकी जांच की जा रही है।

### आज से हर रविवार लगेगा जैविक हाट

**देवास।** उप संचालक कृषि गोपेश पाठक ने बताया कि शासन की मंशानुसार एवं कलेक्टर ऋतुराज सिंह के मार्गदर्शन में 11 जनवरी 2026 से सब्जी मण्डी परिसर मक्सी रोड़ देवास में जैविक हाट का शुभारंभ किया जा रहा है। जैविक हाट हर रविवार को सुबह 10 बजे से शाम 04 बजे तक फल सब्जी मण्डी परिसर में लगेगा। जैविक हाट में हरी ताजी सब्जी एवं अन्य उत्पाद सीधे किसानों के द्वारा विक्रय किये जायेंगे। जैविक हाट में जैविक अनाज का विक्रय भी किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जैविक खाद्य पदार्थ, रासानियक खाद्य पदार्थ की तुलना में अधिक स्वादिष्ट एवं पौष्टिक होते है, जो मानव स्वास्थ्य के लिये अधिक लाभदायक है। जैविक हाट में जिले के जैविक खेती करने वाले कृषक सम्मिलित होगें और अपने उत्पादो का विक्रय सीधे उपभोक्ता को करेगें।

### बोधिसत्व "भारत रत्न" डॉ. बी. आर. आम्बेडकर उद्यान विकास समिति ने आज़ाद समाज पार्टी जिला प्रभारी का स्वागत किया

**देवास।** आज़ाद समाज पार्टी जिला प्रभारी पवन आंवले का एक आयोजन में नूतन नगर स्थित डॉ. बी.आर. आम्बेडकर उद्यान में स्वागत किया गया। उक्त समारोह का संचालन समिति सदस्य अजय रेकवाल ने किया। इस अवसर पर डॉ. बी.आर. आम्बेडकर उद्यान विकास समिति के संस्थापक बाबूलाल रेकवाल, कार्यवाहक अध्यक्ष बाजीराव पटोले पार्टी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कैलाशप्रिय कलेशरिया, बापूसिंह शिंदे, भेरुसिंह प्रजापति, रामलाल गंधावलिया, रामचंद्र रेकवाल, राकेश कुमार शिंदे, जयेश कलेशरिया, हेमराज अहिरवार की उपस्थिति में सर्वप्रथम डॉ. बी.आर. अम्बेडकर साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर समारोह का शुभारम्भ किया। तत्पश्चात बाबूलाल रेकवाल संस्थापक डॉ. बी.आर. आम्बेडकर उद्यान विकास समिति नूतन नगर देवास द्वारा मुख्य अतिथि सुनील अस्तेय भीम आर्मी संस्थापक सदस्य व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आज़ाद समाज पार्टी म.प्र. एवं नव नियुक्त प्रदेश सचिव कैलाशप्रिय कलेशरिया, जिला प्रभारी रामप्रसाद दुजावरा, जिला अध्यक्ष रूपेश बामनिया, जिला प्रभारी पवन आंवले को सांफा–पुष्पमाला पहनाकर स्वागत सम्मान कर बधाई दी। उक्त कार्यक्रम में जिला महासचिव राधेश्याम गांगुली, विक्रमसिंह रेकवाल (सामाजिक सलाहकार), पंकज घारू, विजय कटेशरिया एवं डॉ. बी.आर. आम्बेडकर उद्यान विकास समिति नूतन नगर देवास के वरिष्ठ गण एवं महेश बामनिया, रविंद्र बामनिया, सुनील बगानिया, संजय अटेड़ा आदि उपस्थित रहें।

## निगम आयुक्त ने स्कूल संचालकों को पीने की पानी की टंकियों की सफाई के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल के निर्देशन में निगम की टीम के द्वारा हॉस्पिटलों प्रतिष्ठानों कांपलेक्स आदि में बनी पीने की पानी की टंकियां की चेकिंग की जा रही है। निगम की चेकिंग के दौरान टंकियो में गंदगी पाए जाने पर कार्रवाई भी की जा रही है। चेकिंग में मेना श्री कॉम्प्लेक्स की टंकी में गंदगी पाए जाने पर 3 हजार की चालानी कार्रवाई भी की गई है। उल्लेखनीय की महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने पानी की गुणवत्ता को लेकर सजग रहते हुए पहले निगम की सभी पानी की टंकियों का ओचक निरीक्षण कर सफाई करने के निर्देश दिए थे। टंकियों की सफाई के दौरान महापौर ने स्वयं टंकियों पर चढ़कर सफाई को देखा और टंकियों की सफाई की गई।

शहरवासियों तथा होटल ,प्रतिष्ठान संचालकों को अपने घरों संस्थाओं की पानी की टंकियां की सफाई के साथ ही निजी नलकूपों के पानी के सैंपल लेकर जांच करवाने की अपील की। आयुक्त दलीप कुमार ने स्कूल संचालक को पत्र के माध्यम से स्कूलों संस्थाओं की पानी पीने की टंकियों की सफाई को लेकर पत्र के माध्यम से निर्देश दिए।आयुक्त, के निर्देशन मे निगम स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा अस्पतालों, प्रतिष्ठानों से मिल रहे अनुपयोगि गीले, सूखे ,कचरे की भी जांच की जा रही है। जिसमें मेडिकल वेस्ट मिक्स पाए जाने, बिना लाइसेंस व्यवसाय करने पर प्रतिष्ठानों में तथा प्रतिष्ठानों के आसपास गंदगी पाए जाने पर चालानी कार्रवाई की गई।

कार्रवाई के दौरान मेडिकल वेस्ट मिक्स मिलने पर कुलकर्णी नर्सिंग होम पर 25 हजार की चालानी कार्रवाई तथा मेना श्री कॉम्प्लेक्स टंकी में गंदगी पाए जाने पर 3 हजार की चालानी कार्रवाई की गई ।साथ ही प्रतिष्ठानों में, दुकान अमानक पॉलिथीन रखने तथा गंदगी करने तथा प्रतिष्ठानों के आसपास गंदगी पाए जाने पर चालानी कार्रवाई निरंतर की जा रही है। चालानी कार्रवाई में निगम की टीम में रवि गोयनार, हेमंत उबनारे, हरेंद्रसिंह ठाकुर एवं टीम के सदस्य उपस्थित रहे है।

## दो दिवसीय उस्ताद रजब अली-अमानत अली खां स्मरण संगीत समारोह का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन एवं नगर निगम, देवास के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय उस्ताद रजब अली – अमानत अली खाँ'' स्मरण संगीत समारोह के दूसरे एवं अंतिम दिन 9 जनवरी, 2026 को तीन संगीत सभाएं सजीं, जिनमें वर्षा बंसीवाल, इंदौर का गायन, संगीत गुरु भरत नायक, ग्वालियर का सितार वादन एवं आमिर खान, प्रियंक कृष्णा, फिल स्कार्फ एवं अभिजीत का सरोद, सेक्सोफोन, वायलिन एवं तबला वाद्यवृंद सम्मिलित थीं। दूसरे दिवस की पहली संगीत सभा गायन के नाम रही। इंदौर की गुणी गायिका वर्षा बंसीवाल ने अपनी साधवा और परम्परा का परिचय अपने सुमधुर गायन के साथ दिया। उन्होंने प्रस्तुति की प्रारंभ राग पूरिया धनाश्री से किया। कोमल सायंकालीन राग में उन्होंने पद्मभूषण कुमार गंधर्व की रचनाओं को प्रस्तुत किया। उनके साथ तबले पर विवेक सिरसागर और हारमोनियम पर दीपक खसरावल ने सधी हुई संगत दी। अगली प्रस्तुति सितार वादन की रही, जिसे ग्वालियर के सुविख्यात संगीत गुरु भरत नायक ने प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने वादन के लिए राग चारूकेशी का चयन किया। प्रस्तुति का आरंभ विलंबित लय में तीनताल में निबद्ध रचना द्वारा हुआ, जिसमें राग का सधे हुए विस्तार और स्वरों की गंभीरता का सुंदर चित्रण हुआ। इसके पश्चात मध्य लय में तीनताल की रचना प्रस्तुत की गई और इसके बाद द्रुत लय में प्रभावशाली झाला ने श्रोताओं को ऊर्जा और उत्साह से भर दिया। अंत में उन्होंने एक पारम्परिक धुन के साथ अपने वादन का समापन किया। उनके साथ तबले पर गांधार राजहंस, इंदौर ने संगत दी। दूसरे दिवस की सायंकालीन संध्या की अंतिम प्रस्तुति वाद्य संगीत के बहुरंगी सौंदर्य से सजी रही। मंच पर सरोद, सैक्सोफोन, वायलिन एवं तबले का सुसंयोजित वाद्यवृंद उपस्थित हुआ, जिसे आमिर खान, प्रियंक कृष्णा, फिल स्कार्फ तथा अभिजीत ने अपनी सधी हुई संगति से साकार किया। विविध वाद्यों का यह समन्वय संगीतप्रेमियों के लिए एक विरल और सुखद अनुभूति बन गया। प्रस्तुति के लिए मधुरता और भावप्रवणता से परिपूर्ण राग जोग का चयन किया गया। आलाप, जोड़ और झाला के क्रमबद्ध विस्तार के साथ राग का स्वरूप अत्यंत सौम्यता से उभरता गया। कर्णप्रिय स्वरों ने संपूर्ण वातावरण को संगीत के जादुई आलोक से भर दिया। इसके पश्चात विलंबित रचना रूपक ताल में, मध्यलय तीन ताल में तथा द्रुत तीन ताल में प्रभावशाली झाले की तिहाई के साथ प्रस्तुति का सुंदर और सशक्त समापन हुआ।

### सेवा भावना अंतर्गत आगंतुक विद्यार्थियों को उपयोगी उपहार किट वितरित की

# सेन थॉम एकेडमी ने मनाया परोपकार और प्रोत्साहन दिवस






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भोपाल रोड स्थित सेन थॉम एकेडमी ने अपना वार्षिक बेनेवोलेंस डे पूरे उत्साह और मानवीय भावना के साथ मनाया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर करुणा, आनंद और सामुदायिक भावना से सराबोर नजर आया। यह कार्यक्रम विद्यालय के बेनेवोलेंस वीक की शुरुआत का प्रतीक था, जिसके अंतर्गत आसपास के शासकीय विद्यालयों के वंचित विद्यार्थियों को एक दिन के साझा उत्सव के लिए आमंत्रित किया गया।आगंतुक विद्यार्थियों का विद्यालय द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उनके मनोरंजन के लिए विभिन्न सुव्यवस्थित गतिविधियाँ आयोजित की गईं। सेन थॉम एकेडमी के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम—गीत एवं नृत्य—ने माहौल को उल्लासपूर्ण बना दिया। वहीं, रोचक खेलकूद गतिविधियों ने आपसी मेल-जोल और टीम भावना को बढ़ावा दिया। विशेष आकर्षण विद्यालय के अत्याधुनिक सभागार में आयोजित फिल्म प्रदर्शन रहा, जिसने बच्चों को एक संपूर्ण सिनेमाघर जैसा अनुभव प्रदान किया।सार्थक सेवा की भावना को ध्यान में रखते हुए विद्यालय की ओर से प्रत्येक आगंतुक विद्यार्थी को उपयोगी उपहार किट वितरित की गई। इन किट्स में स्टेशनरी सहित आवश्यक शैक्षणिक सामग्री शामिल थी, जो बच्चों की पढ़ाई और दैनिक आवश्यकताओं में सहायक होगी।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अजय मिश्रा (जिला परियोजना समन्वयक देवास) एवं किशोर वर्मा (ब्लॉक रिसोर्स कोऑर्डिनेटर, देवास) उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने इस पहल की सराहना की और विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी विकसित करने के लिए विद्यालय के प्रयासों की प्रशंसा की।विद्यालय के अध्यक्ष सुनील थॉमस, निदेशिका हैंसी थॉमस एवं प्राचार्य पुनीत उपाध्याय की सक्रिय सहभागिता पूरे कार्यक्रम के दौरान बनी रही। बेनेवोलेंस वीक विद्यालय की पाठ्यचर्या का एक अभिन्न अंग है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में सहानुभूति, करुणा और सेवा की भावना को विकसित करना है।बेनेवोलेंस डे जैसे आयोजनों के माध्यम से सेन थॉम एकेडमी समग्र शिक्षा के मूल्यों को सुदृढ़ करता है और यह संदेश देता है कि सच्ची शिक्षा कक्षा की चारदीवारी से आगे बढ़कर सेवा और परोपकार के कार्यों में निहित होती है।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने विधिक साक्षरता शिविर किया आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास अजय प्रकाश मिश्र के मार्गदर्शन में सरस्वती ज्ञान पीठ हायर सेकेण्डरी स्कूल देवास में राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में साप्ताहिक जन - जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया । उक्त शिविर में छात्र - छात्राओं को नशे से दूर रहने हेतु शपथ दिलाई गई। शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवासश्री रोहित श्रीवास्तव ने छात्र - छात्राओं को नशे के प्रति जागरूक करते हुए नशे से दूर रहने, स्वस्थ शरीर की ओर ध्यान देने एवं नशे के शारीरिक एवं मानसिक दुष्परिणाम बताकर संपूर्ण जीवन में नशे से दूर रहने की सलाह दी साथ ही करियर पर ध्यान देने, बीड़ी, सिगरेट के अलावा सोशल मीडिया भी एक नशा है जिससे दूर रह कर घूमना अपने सपनों पूरा करने पर फोकस करने तथा स्वच्छ वातावरण में जीवन व्यतीत करने हेतु जागरूक किया और अपने पाठयक्रम के अलावा छात्र-छात्राओं को ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणा स्त्रोत पुस्तकें पढ़ने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में पंचम जिला न्यायाधीश अभिषेक गौड़ एवं प्रेमनाथ तिवारी निर्देशक, सुषमा निगम प्राचार्य, सहित स्टॉफ, विद्यार्थी उपस्थित थे।

सुरक्षा का विश्वास, पुलिस का प्रयास मिशन शक्ति 5.0

# महिलाओं व बालिकाओं को आत्मसम्मान सुरक्षा व आत्मनिर्भरता पर जानकारी दी



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

मुख्यमंत्री की महत्वकांक्षी योजना मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अन्तर्गत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद ललितपुर में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के अन्तर्गत जिले के थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों व गांव-गांव आदि जगहों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीडऩ से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की।

विशेष रूप से यह स्पष्ट किया गया कि साइबर अपराधी डर और लालच का सहारा लेते हैं, ऐसे में किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या ओटीपी साझा न करने की सलाह दी गई। मिशन शक्ति टीम द्वारा आपात सहायता हेतु हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए उनके त्वरित उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में बताया कि 112 आपातकालीन सेवा, 1090/1091 महिला सुरक्षा हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की जानकारी दी। मिशन शक्ति की टीमों द्वारा उपस्थित जनसमूह को यह भरोसा दिलाया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीडऩ या साइबर ठगी की सूचना तुरंत देने पर पुलिस पूरी गंभीरता से कार्रवाई करेगी। नारी की सुरक्षा केवल जिम्मेदारी नहीं, ललितपुर पुलिस का संकल्प है।

## बालिकाओं के लिए खेल प्रतियोगिताएं करवाई



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत जनपद के थाना बानपुर पुलिस द्वारा जीवन शिल्प स्कूल, बानपुर के बालिकाओं हेतु स्कूल में खेल प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। खेल प्रतियोगिता में बालिकाओं द्वारा उत्सूकता के भाग लिया गया। तत्पश्चात बालिकाओं को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीडऩ से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन नं. 1090, 1930 आदि से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गई। बालिकाओं को भरोसा दिलाया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीडऩ या साइबर ठगी की सूचना तुरंत देने पर पुलिस पूरी गंभीरता से कार्रवाई करेगी। नारी की सुरक्षा केवल जिम्मेदारी नहीं, ललितपुर पुलिस का संकल्प है।

अधिवक्ताओं ने सामाजिक दायित्व निभाया

# वकीलों ने दुनातर धाम व मरौली में आदिवासियों को बांटे कंबल



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

वकील केवल न्यायालय के भीतर ही नहीं, बल्कि समाज के बीच रहकर भी राष्ट्र निर्माण और सेवा का कार्य करता है। इसी भावना के साथ अधिवक्ताओं के एक समूह ने श्रीश्री 1008 शिव मंदिर दुनातर धाम, चंदावली व ग्राम मरौली पर एक प्रेरणादायक पहल की। भीषण शीतलहर को देखते हुए यहां आसपास के क्षेत्रों के असहाय आदिवासी परिवारों को गर्म कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ताओं ने स्पष्ट किया कि कानूनी पेशा केवल मुकदमों तक सीमित नहीं है।

अधिवक्ता हरदयाल सिंह लोधी ने कहा कि अधिवक्ता समाज का सबसे सजग प्रहरी होता है। हमारा कर्तव्य केवल अदालत में न्याय दिलाना नहीं, बल्कि समाज के उस अंतिम व्यक्ति तक पहुँचना भी है जो अभावों में जी रहा है। आज का यह प्रयास उसी सामाजिक जिम्मेदारी का एक हिस्सा है। एडवोकेट पुष्पेंद्र सिंह चौहान (पैनल अधिवक्ता, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण) ने बताया कि कचहरी से बाहर भी अधिवक्ता एक मार्गदर्शक की भूमिका निभाता है। आदिवासियों और वंचितों की सेवा करना हमें जमीनी हकीकत से जोड़ता है और हमें समाज निर्माण के प्रति अधिक संवेदनशील बनाता है। ग्रामीण अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अधिवक्ता कमलेश लोधी मरौली ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ठंड की ठिठुरन किसी के लिए जानलेवा न बने, इसके लिए हम सभी को एकजुट होकर आगे आना चाहिए। अधिवक्ता वर्ग हमेशा से ही सामाजिक परिवर्तन का संवाहक रहा है। इस पुनीत कार्य में जिला बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री महेंद्र जैन ने अपनी उपस्थिति से उत्साहवर्धन किया। साथ ही अधिवक्ता समूह से एड.आकाश झा, एड. विकास झा, एड. मुकेश लोधी, एड. के.के. विश्वकर्मा, एड. प्राण सिंह, एवं एड. दीपक यादव ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए वितरण कार्य संपन्न कराया। ग्रामीण क्षेत्र से उत्तम सिंह, वृषभान सिंह, ग्राम प्रधान नेकपाल, विनोद, रामेश्वर, रघुवीर पंडा, घनश्याम, और राम सिंह आनंद भी इस अवसर पर मौजूद रहे, जिन्होंने अधिवक्ताओं के इस मानवीय दृष्टिकोण की मुक्त कंठ से सराहना की।

### कचहरी से जनमानस तक

यह आयोजन इस बात का प्रमाण है कि काला कोट पहनने वाले ये न्यायविद कानून की बारीकियों के साथ-साथ मानवीय संवेदनाओं को भी बखूबी समझते हैं। दुनातर धाम के आध्यात्मिक वातावरण में हुआ यह कंबल वितरण न केवल एक चैरिटी थी, बल्कि समाज के प्रति अधिवक्ताओं की अटूट प्रतिबद्धता का परिचायक भी था।

# कटरा बाजार में सार्वजनिक शौचालय संचालित




**ललितपुर।** शहर के प्रमुख बाजार कटरा बाजार में लम्बे समय से महिलाओं व पुरुषों को लघुशंका करने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इस परेशानी को समझते हुये नपाध्यक्ष सोनाली जैन द्वारा कटरा बाजार में सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया है। इस सार्वजनिक शौचालय के निर्माण से यहां के दुकानदार, आने वाले लोगों को लाभ मिल सकेगा।

इस सार्वजनिक शौचालय का आज विधिवत संचालन शुरू हो गया है। इस दौरान सराफा एसोशियेशन के अध्यक्ष मनोज सोनी मज्जू ने कहा कि जिले भर के सुदूर ग्रामीण अंचलों से आने वाले ग्रामीणों, शहर क्षेत्र से आने वाले लोगों को लघुशंका व दीर्घ शंका से निजात पाने के लिए कटरा बाजार में संसाधन उपलब्ध नहीं थे। मशीनरी लाइन में एक पेशाबघर है, लेकिन संख्या में मात्र एक होने के चलते व्यस्त रहता था, जिस कारण लोग यहां-वहां लघुशंका करने के लिए बैठ जाते थे, जिससे लोगों को शर्मिंदगी उठानी पड़ती थी, लेकिन अब सार्वजनिक शौचालय का लाभ मिल सकेगा। पार्षद अफजुल रहमान ने कहा कि कटरा बाजार में सार्वजनिक शौचालय निर्माण की मांग लम्बे समय से चली आ रही थी, जिसे अब पूरा कर दिया गया है। यह सार्वजनिक शौचालय आमजन को समर्पित कर दिया गया है। इससे लोगों को लाभ मिल सकेगा। इस दौराने सराफा एसोशियेशन अध्यक्ष मज्जू सोनी, पार्षद अफजुल रहमान, विद्याकांत मालवीय, विजय शर्मा कुक्कन, राजीव चौबे, मकरंद किलेदार, गौरव जैन, हेड सुपरवाइजर संजू कप्तान के अलावा स्वास्थ्य नायक व अन्य लोग मौजूद रहे।

ड्रिंक एंड ड्राइव को लेकर चलाया अभियान

# वाहन चलाते समय नशे का सेवन मतलब दुर्घटना को दावत देना



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से शहर के एलाइट चौराहे पर ड्रिंक एण्ड ड्राइव, के खिलाफ अभियान चलाया गया और नशे की हालत में वाहन चलाते हुए पाए जाने पर 6 वाहनों का चालान किया गया। साथ ही आम जनमानस को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक किया गया तथा दो पहिया वाहन पर चालक और पीछे बैठी सवारी अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाएं, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाएं, निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाएं, नशे की हालत में वाहन न चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें, सीट बेल्ट अवश्य बांधे, मोडिफाइड साइलेंसर न लगवाएं, लेन ड्राइविंग का पालन आदि के लिए प्रेरित किया गया।

# चंदेरी रेल लाइन का लोकेशन सर्वे अंतिम चरण में



**ललितपुर।** चंदेरी के रास्ते पिपरई गांव एवं ललितपुर को जोडऩे वाली 80 किलोमीटर नई रेलवे लाइन जिसका फाइनल लोकेशन सर्वे अपने अंतिम स्तर पर पहुंच चुका है। इसमें प्राप्त जानकारी जो रेलवे मंत्रालय तथा पश्चिम मध्य रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के माध्यम से प्राप्त हुई है, उसके तहत चंदेरी के रास्ते पिपरई गांव एवं ललितपुर को जोडऩे वाली रेल लाइन की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) फरवरी 2026 में रेलवे बोर्ड रेल मंत्रालय को प्रस्तुत कर दी जावेगी, इसके पश्चात भारत सरकार की मंत्रिपरिषद द्वारा इस नई रेलवे लाइन की स्वीकृति मिल जाने के पश्चात निर्माण राशि मंजूर हो जाएगी और बहु प्रतीक्षित यह नई रेलवे लाइन क्षेत्र को एक नई सौगात के रूप में प्राप्त हो जाएगी। चंदेरी के रास्ते पिपरई गांव एवं ललितपुर को जोडऩे वाली 80 किलोमीटर नई रेलवे लाइन के लिए 27 नवंबर 2024 को रेलवे बोर्ड रेल मंत्रालय द्वारा इसके फाइनल लोकेशन सर्वे हेतु 2 करोड रुपए की राशि स्वीकृत कर आदेश जारी किया था जिसके पश्चात टेंडर आदि की प्रक्रिया संपन्न हुई और बीपीसी कंसलटेंट प्राइवेट लिमिटेड कोलकाता को फाइनल लोकेशन सर्वे के लिए अधिकृत किया गया, जिसके द्वारा चंदेरी के रास्ते पिपरई गांव एवं ललितपुर के संपूर्ण रेल मार्ग पर सेंट्रल लाइन पिलर्स की स्थापना कर दी गई और इसका ज्योग्राफीकल सर्वे, तथा लेजर सर्वे आधुनिक तकनीक और उपकरणों के माध्यम से संपन्न कर दिया गया है। इसका आकलन रेलवे मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कर दिया गया है और निकट भविष्य में रेलवे मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी संपूर्ण रेलवे लाइन की ग्राउंड निरीक्षण के लिए पधार रहे हैं और इसके पश्चात विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर रेल मंत्रालय भारत सरकार को प्रस्तुत कर दी जायेगी। अशोकनगर गुना शिवपुरी संसदीय क्षेत्र के सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया तथा सांसद अनुराग शर्मा का चंदेरी रेल लाइन की स्वीकृति कराने में महत्वपूर्ण भूमिकाएं अदा की है, जिससे अब शीघ्र ही गुना शिवपुरी अशोक नगर संसदीय क्षेत्र तथा झांसी ललितपुर संसदीय क्षेत्र को एक नई रेलवे लाइन की सौगात मिलने जा रही है।

## खबर संक्षेप



### बस स्टैंड तक डामरीकरण कार्य का लोकार्पण

**ललितपुर।** राजघाट रोड में पिसनारी तिराहा से बस स्टैण्ड की ओर डामरीकरण कार्य, वार्ड नं. 2 व 6 में पुल निर्माण एवं एप्रोच मार्ग निर्माण का लोकार्पण जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। स्थानीय सांसद अनुराग शर्मा ने कहा कि लम्बे समय से इस सड़क का जीर्णोद्धार न होने के कारण स्थानीय लोगों को काफी परेशानी होती थी, चूंकि शहर को राजघाट मार्ग से जोडऩे वाली यह मुख्य सड़क है, जिससे प्रतिदिन सैकड़ों लोगों व वाहनों का आना जाना यहां से होता है। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने कहा कि नगर पालिका ने शहर में अनेक सड़कें डलवाई जा रही है, जिसमें नपाध्यक्ष, ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा एवं समस्त वार्ड पार्षद मिलकर सहयोग कर रहे है। नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने कहा कि नगर पालिका द्वारा शहर में विकास के लिए अनेक कार्य कराये जा रहे है, जिसमें शहर के विभिन्न वार्डों में सड़कें डलवाई जा रही है, उन्होंने कहा कि पिसनारी तिराहे से लेकर राजघाट रोड़ तोड़कर जीर्णशीर्ण पड़े होने के चलते राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, जिसको जीर्णोद्धार के लिए टैण्डर प्रक्रिया पास कराते हुए शिलान्यास किया गया है। इस दौरान राज्यमंत्री मनोहरलाल के अलावा नपा कर्मी, जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

45 दिन आंदोलन चलाएगी

# कांग्रेस के आह्वान पर प्रदेश में मनरेगा बचाओ संग्राम शुरू




ललितपुर। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने केन्द्र सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदलने और उसकी मूल भावना को कमजोर करने के प्रयासों के खिलाफ मनरेगा बचाओ संग्राम की शुरुआत की है। यह आंदोलन महात्मा गांधी के नाम, संविधान प्रदत्त रोजगार के अधिकार और करोड़ों गरीब-मजदूर परिवारों के हितों की रक्षा के लिए चलाया जा रहा है। राहुल गांधी के निर्देश राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय एवं विशेषज्ञ अध्यक्ष बार रूम कांग्रेस पं.संजय दीक्षित के आदेशानुसार जिला समन्वयक सरदार जसपाल सिंह बंटी ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत की जीवनरेखा है। इसका नाम बदलना महात्मा गांधी के विचारों का अपमान और गरीबों के रोजगार पर सीधा हमला है। आंदोलन के चार बिंदु है जिसमें हर परिवार को न्यूनतम 100 दिनों के काम की कानूनी गारंटी मिलती थी अब इसमें कोई भी गारंटी नहीं है। हर गांव में काम की कानूनी गारंटी मिलती थी और गांव में ही रोजगार मिलता था अब यह सब नहीं है, पहले पूरे साल मजदूर अपने पंचायत में ग्राम पंचायत अधिकारी प्रधान रोजगार के लिए आवेदन कर सकता था, अब यह नहीं है पहले कानूनी न्यूनतम मजदूरी की गारंटी दी गई थी, अब या मनमानी ढंग से चलाया जाएगा। पहले आपको पंचायत के माध्यम से आपके गांव के विकास के लिए योजनाएं बनती थी, अब यह नहीं है क्योंकि यह सरकार ऊपर से योजनाएं बनाकर ठेकेदारी प्रथा से काम कराएगी जो इसकी मूल भावना थी मनरेगा की कि मजदूरों को गांव में ही काम दिया जाए। आज वह समाप्त हो गया है गांव में पहले मनरेगा का मैच रोजगार सहायक का सहयोग मिलता था, अब यह सब समाप्त हो जाएगा। पहले मजदूरी का 100 प्रतिशत भुगतान केन्द्र सरकार करती थी और राज्य सरकार इसकी कोई चिंता नहीं करती थी, वह केवल क्रियान्वयन करती थी, अब 60 प्रतिशत केन्द्र सरकार और 40 प्रतिशत राज्य सरकार बहन करेगी, राज्य सरकारों की अधिकतर योजनाएं पैसे ना होने के कारण लटकी रहती थी। अब किस तरह मजदूरों को काम मिलेगा, यह बड़ा प्रश्न खड़ा हो गया है। यह सरकार मनरेगा को खत्म कर अधिकार छीनने में लग गई है और ठेकेदारों के माध्यम से पूंजी पति को बढ़ावा देकर और गरीब को और गरीब बना रही है। विकास अब गांव में आंकड़ों की बाजीगरी में दिखाई देगा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक ने कहा कि मनरेगा अपने काम करने की संवैधानिक अधिकार को सुनिश्चित करता था गरीबों को पलायन नहीं करना पड़ता था और गांव में ही रोजगार की सुविधा मुहैया कराया जाता था। जैसा कि राजीव गांधी ने पंचायती राज लाकर गांव के विकास गांव में ही करने के लिए योजना बनाने के लिए पंचायत को अधिकार दिए थे, अब यह योजनाएं ऊपर से थोपी जाएगी। आंदोलन के प्रमुख बिंदुओं में जिला व ब्लॉक स्तर पर धरना-प्रदर्शन और जनसभाएं, गांधी प्रतिमाओं पर शांतिपूर्ण विरोध, ग्रामीण क्षेत्रों में चौपाल व जनसंवाद कार्यक्रम, केन्द्र सरकार के फैसले के खिलाफ ज्ञापन सौंपना है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने स्पष्ट किया है कि जब तक मनरेगा का नाम और उसका अधिकार-आधारित स्वरूप सुरक्षित नहीं किया जाता, तब तक यह संघर्ष पूरे प्रदेश में लगातार जारी रहेगा। विरोध का कारण केन्द्र सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलकर विकसित भारत गारण्टी फॉर रोजगार एण्ड आजीविकास मिशन ग्रामीण यानी वीबी जीरामजी करने का प्रस्ताव रखा था और नया कानून लाया गया है। कांग्रेस का कहना है कि इससे न केवल मनरेगा का नाम बदल रहा है बल्कि उसकी मूल भावना एवं अधिकार आधारित स्वरुप कमजोर हो जाएगा। कांग्रेस ने मनरेगा बचाओ संग्राम नाम से 45 दिनों का राष्ट्रव्यापी आंदोलन शुरू करने का ऐलान किया है।

# सभी लोग बूथ लेबल पर संगठन को मजबूत करने का कार्य करें: निषाद



**ललितपुर।** निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.संजय कुमार निषाद कैबिनेट मंत्री के आदेशनुसार दो दिवसीय भ्रमण पर आए प्रान्तीय अध्यक्ष कैलाश निषाद ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में सभी विंग के अध्यक्ष निषाद पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग की सन्देश देते हुए बताया कि सभी लोग बूथ लेबल पर संगठन को मजबूत करने का कार्य करें। अधिक से अधिक संख्या में 13 जनवरी लखनऊ चलों लखनऊ चलों का सन्देश सभी कार्यकर्ताओं को दिया। जिसमें निषाद पार्टी जिलाध्यक्ष महेश रैकवार हरपुरा, वरिष्ठ जिला महासचिव मुकेश रैकवार, संगठन अध्यक्ष काशीराम रैकवार, विधानसभा अध्यक्ष हरगोविंद रैकवार, महरौनी युवा मोर्चा अध्यक्ष पीयूष रैकवार, नगर अध्यक्ष विनोद रैकवार, ब्लॉक अध्यक्ष शिवराज रैकवार, सचिव सुनील रैकवार, जगदीश केवट, नगर मीडिया प्रभारी पूजा रैकवार, झांसी अरूण निषाद, चित्रकूट अनीता रैकवार, तालपुरा झांसी भीकम रैकवार, अमित कशयप, रितिक रैकवार, भकतू निषाद, सुरेन्द्र रैकवार, रमेश, कमलेश, राजेश, दशरथ, धनवीर सैकड़ों की संख्या में निषाद पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# सांसद ने जीरामजी समेत विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी



**ललितपुर।** भाजपा शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर चल रहे कार्यक्रमों में सांसद अनुराग शर्मा ने वीबी जीरामजी अधिनियम को लेकर पत्रकारों के उत्तर दिए। शुरुआत में जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने पत्रकारों को इसके अन्तर्गत में गांवों से शहरों तक चलनेवाले विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। सांसद ने योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, इसके लक्ष्यों और ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार सृजन हेतु बनाई गई भावी रणनीति के बारे में बताया। कहा कि यह अधिनियम विकसित भारत संकल्प के लिए बना है। इसमें रोजगार, खेती वाले दिनों को लेकर व्यवस्थित रूप दिया गया है। इसमेंचार अनुबंधों जल सुरक्षा, ग्रामीण अवसंचना, आजीविका सम्पत्ति और जलवायु संरक्षण को लेकर ही सारे काम कराने का संकल्प लिया है। किसानों को सुरक्षा गारंटी के साथ साठ दिनों की अतिरिक्त रोजगार गारंटी की व्यवस्था की गई है। बेरोजगारी भत्ता की जवाबदेही तय की गई है कि अगर मांग के अनुरूप पन्द्रह दिन तक काम नहीं मिलता तो तय समय सीमा में बेरोजगारी भत्ता प्रदान किया जायेगा। इसके अलावा अब अगर सात दिनों तक भत्ता नहीं मिलता तो ब्याज सहित भत्ता दिया जाएगा तथा जवाबदेही और पारदर्शिता को स्पष्ट रखा जायेगा। इस दौरान सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, राज्यमंत्री मनोहरलाल के अलावा अनेकों भाजपाई मौजूद रहे।

विश्व हिंदी दिवस पर परिचर्चा का आयोजन किया गया

# हिंदी राष्ट्रभाषा ही नहीं, समरसता पैदा करने वाली भाषा: शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

विश्व हिंदी दिवस पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो. भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि अंग्रेजों के दो सौ सालों के औपनिवेशिक शासन को उखाड़ फेंकने में राष्ट्रपिता गांधी और शहीदे आजम भगत सिंह के ऐसे हिंदी (हिन्दुस्तानी) में कहे गए शब्द अंग्रेजों भारत छोड़ो तथा इंकलाब जिन्दाबाद आग के गोले बनकर विस्फोटित हुए।

वस्तुतः हिन्दी ही अन्याय और उत्पीडऩ के विरुद्ध संघर्ष और प्रतिशोध को विजयान्तक परिणाम तक पहुँचाने के निष्कम्प विश्वास और समरसता पूर्ण माहौल पैदा करने वाली समर्थ भाषा है। इसीलिये भारत माता की एक आँख के रूप में जानी जाती है। भारत माता की दूसरी आँख है समस्त प्रादेशिक भाषाएँ। हमें शिवजी की तरह त्रिनेत्री बनना होगा। अर्थात तीन भाषाएँ सीखनी होगी। अंगेजी सहित तीसरी भाषा यूरोप की कोई भी भाषा हो सकती है, जिससे हम विज्ञान और प्रौद्योगिकी में पीछे न रहें। भाषा का वरदान यदि आदमी को न मिला होता तो रोशनी होते हुए भी वह अँधेरे में होता। जानवरों की तरह। उसकी बस्ती भी गूंगी होती। परन्तु अनुकूल शारीरिक संरचना के कारण जब उसके मुख से शब्द निकले तो वे पुल बन गये और एक-दूसरे से जुड़ते चले गये।




आज के इन्टरनेट के डिजिटल युग में हिंदी की धमाकेदार ऐन्ट्री यूरोप और चीन की मंदारिन भाषा को पीछे छोड़ते हुए विश्व की नंबर वन भाषा की ओर अग्रसर है। प्रत्येक वर्ष हम हिन्दी दिवस के दिन प्रायः अँग्रेजियत के रुतबे को कोसते रहते हैं। कुछ हद तक ठीक भी है परन्तु कोविड-19 के संकट के समय जो स्त्री-पुरुष और बच्चे साधनों के अभाव में खाली पेट- खाली जेब और हाथ में कोरा श्रम लिये हुए दिल्ली, मुंबई से पैदल ही चल पड़े, वे सभी हिंदी बोलने वाले ही थे। इसलिए जब तक हिन्दी भाषी जनता बेरोजगारी और गरीबी का दंश झेलती रहेगी तब तक संख्याबल में आगे होते हुए उसकी बेकद्री होती रहेगी। अतः अपने संविधान की प्रस्तावना में जिस मानवोचित गरिमामय जीवन जीने की गारंटी दी गई है उसे 77 साल की आजादी के अमृत महोत्सव बाद धरातल पर उतारना ही होगा अन्यथा धूल चेहरे पर थी और हम आईना साफ करते रहे। की तरह लक्ष्यभ्रष्ट होकर गलत निशाना लगाते रहेंगे। यह नहीं भूलना चाहिए कि अँग्रेजों का कारोबार यदि पूरी दुनिया में न फैला होता तो उनकी भाषा का रुतबा भी कमजोर होता।

### जेल कॉलोनी के आवासों की मरम्मत का प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश

# डीजी जेल ने जिला जेल का निरीक्षण कर बंदियों के साथ किया सीधा संवाद

**जेल में बंदियों को दी जा रही सुविधाओं, स्वास्थ्य इत्यादि के संबंध में प्राप्त की जानकारी**





हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

प्रदेश के जेल महानिदेशक वरुण कपूर शुक्रवार को जिले के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे। इस दौरान सर्वप्रथम उन्होंने जिला जेल का निरीक्षण करते हुए जेल परिसर की व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। जिला जेल के निरीक्षण के दौरान कपूर ने बंदियों से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी समस्याओं व आवश्यकताओं की जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने बंदियों से खान-पान की गुणवत्ता, स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाओं एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की और व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश अधीनस्थों को प्रदान किए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला कैदियों से विशेष संवाद किया तथा उनके अपराध संबंधी स्थिति, स्वास्थ्य, भोजन व्यवस्था एवं बच्चों की देखभाल को लेकर जानकारी प्राप्त की। उन्होंने महिला कैदियों के बच्चों की सुविधा हेतु साइकिल उपलब्ध कराने के निर्देश जेल अधीक्षक को प्रदान किए जिससे बच्चों को शिक्षा एवं दैनिक आवागमन में सुविधा मिल सके। इसके साथ ही छोटे बच्चों के मनोरंजन हेतु खिलौने इत्यादि भी बढ़ाने के निर्देश उन्होंने प्रदान किए।

#### बंदियों के अधिकारों के प्रति सजग रहने दिए निर्देश

साथ ही जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि बंदियों के मानवीय अधिकारों, स्वास्थ्य एवं पुनर्वास से जुड़े सभी पहलुओं पर विशेष संवेदनशीलता के साथ कार्य किया जाए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी भी उपस्थित रहे। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था एवं अनुशासनात्मक पहलुओं की जानकारी साझा की।

#### जेल आवास की मरम्मत हेतु स्टीमेट तैयार कर भेजें

मुख्यालय स्थित जिला जेल से सटी हुई जेल कॉलोनी के जर्जर आवासों को देखकर डीजी श्री कपूर ने आवासों की मरम्मत हेतु आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर जेल मुख्यालय भेजने के निर्देश जेल अधीक्षक आलोक वाजपेयी को प्रदान किए। इसके साथ ही कॉलोनी में बच्चों के खेलने हेतु खेल मैदान का स्टीमेट तैयार करने के निर्देश भी उन्होंने दिए हैं। उल्लेखनीय है कि जेल कॉलोनी के शासकीय आवास सालों पुराने हो चुके हैं। ऐसे में उनकी मरम्मत या नवीन आवासों का निर्माण अत्यावश्यक हो चुका है।

#### पुरातात्विक धरोहरों, बांध का भी किया अवलोकन

जेल निरीक्षण के उपरान्त महानिदेशक श्री कपूर ने मुख्यालय स्थित पुरातात्विक धरोहरों राजमहल, बड़ा महल आदि का भी अवलोकन किया। इसके साथ ही वे जिले की वृहद सिंचाई परियोजनाओं में शुमार मोहनपुरा बांध को देखने भी पहुंचे।


### अब डीएच में पदस्थ सर्जन डॉ. खत्री रायसेन स्थानांतरित

# बढ़ाने की बजाय कम किया जा रहा जिला चिकित्सालय का स्टाफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

पूर्व से चिकित्सकों सहित अन्य स्टाफ की कमी से जूझ रहे राजगढ़ जिला अस्पताल में रिक्त पदों की पूर्ति की बजाय लगातार स्टाफ कम किया जा रहा है। कल शुक्रवार को लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा जारी एक आदेश के तहत जिला चिकित्सालय में पदस्थ शल्यक्रिया विशेषज्ञ(सर्जन) डॉ. दिनेश खत्री का स्थानांतरण बतौर रायसेन सीएमएचओ कर दिया गया।

ऐसे में एक और चिकित्सक की कमी जिला चिकित्सालय में पदस्थ डॉक्टर्स में कर दी गई। जबकि, सर्जन सहित अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों के पद पूर्व से रिक्त चल रहे हैं। ऐसे में लगातार किए जा रहे इन तबादलों से स्वास्थ्य सेवाओं में कहीं न कहीं कम देखने मिलेगी। इसके पूर्व डॉ. नितिन पटेल का स्थानांतरण राजगढ़ से अन्य जिले में किया गया था। इसके साथ ही नवीन पदस्थापना के तहत पदस्थ कईं चिकित्सक ऐसे भी हैं जो ज्वाईनिंग उपरान्त जिले में नजर ही नहीं आए हैं।



संचालनालय लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा,
जय प्रकाश चिकित्सालय परिसर
भोपाल, मध्यप्रदेश

क्र./01 जी/विज्ञप्त/सेल–05/2025/24 भोपाल, दिनांक 09/01/2026

–:: आदेश ::–

प्रशासकीय कार्य सुविधा की दृष्टि से डॉ. दिनेश खत्री, शल्यक्रिया विशेषज्ञ, जिला चिकित्सालय राजगढ़ को एतद् द्वारा, तत्काल प्रभाव से अन्य आगामी आदेश तक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला–रायसेन के प्रभार में पदस्थ किया जाता है।
"आयुक्त, लो.स्वा. एवं चिकि. शिक्षा द्वारा अनुमोदित"

(डॉ.राजू निदारिया)
वरिष्ठ संयुक्त संचालक (विज्ञप्त)
लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा
मध्यप्रदेश

पृ.क्र./01 जी/विज्ञप्त/सेल–05/2026/25 भोपाल, दिनांक 09/01/2026
प्रतिलिपि:– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–
01 प्रमुख सचिव, म0प्र0शासन,लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल,म0प्र0।
02. आयुक्त स्वास्थ्य, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मध्यप्रदेश, भोपाल।
03. मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, भोपाल म.प्र.।
04. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, "निरामयम" आयुष्मान भारत योजना, भोपाल, म.प्र.।
05. संचालक राजपत्रित/संचालक अराजपत्रित स्थानीय कार्यालय।
06. विशेष सहायक,मान.उप मुख्यमंत्रीजी म0प्र0शासन,लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल,म0प्र0।
07. विशेष सहायक,मान.राज्यमंत्रीजी म0प्र0शासन,लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल,म0प्र0।
08. क्षेत्रीय संचालक, स्वास्थ्य सेवायें, भोपाल संभाग भोपाल म0प्र0।
09. कलेक्टर जिला राजगढ़/रायसेन म.प्र.।
10. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला– राजगढ़/रायसेन म0प्र0।
11. सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला– राजगढ़/रायसेन म.प्र.।
12 उप संचालक, समन्वय शाखा की ओर नॉनिट ए प्रकरण (230/CMS/NMB/2025, 15/12/2025(A-1)... विलोपित किये जाने हेतु प्रेषित।
13. जिला कोषालय अधिकारी जिला– राजगढ़/रायसेन म.प्र.।
14. संबंधित अधिकारी की ओर तत्काल पालनार्थ म0प्र0।
15. प्रभारी एम0आई0एस0,स्थानीय कार्यालय, भोपाल म0प्र0।
16. आदेश नस्ती।

वरिष्ठ संयुक्त संचालक (विज्ञप्त)
लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा,
मध्यप्रदेश

#### ग्रामीण क्षेत्रों में भी बुरे हाल

जिला चिकित्सालय के साथ ही सिविल अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में पदस्थ स्टाफ की बात करें तो वहां भी पदों की पूर्ति अर्से से नहीं की गई है। सिविल अस्पतालों में कईं चिकित्सकों व नर्सिंग स्टाफ के पद सालों से रिक्त पड़े हुए हैं। इसके साथ ही ग्रामीण केंद्रों पर भी स्टाफ की कमी बनी हुई है।

## कोटवार संघ ने विधायक को ज्ञापन दिया



**जीरापुर।** स्थानीय ग्राम कोटवार ,चैकीदार संघ द्वारा विधायक को ज्ञापन देकर अपनी दो सुत्रिय मांगो को पूरी कराने की मांग की। कोटवार संघ तहसील अध्यक्ष मांगीलाल शर्मा एवं सचिव शिवपुरी गोस्वामी ने विधायक हजारीलाल दांगी को दिए ज्ञापन में उल्लेख किया कि कोटवारों को पुर्व में कोटवार ड्रेस (वृदी) की राशि बैंक खाते में जमा की जाती थी इससे कोटवार द्वारा खांकी रंग की वर्दी अपने-अपने नाप अनुसार सिलवा कर पहन जाती थी उसी को धारण कर ड्यूटी की जा रही थी। लेकिन विगत वर्ष गुणवत्ताहिन किस्म की एक ही नाम की वर्दी दी गई जिससे किसी भी कोटवार ने वर्दी नहीं पहनी एवं राशि खाते में जमा करने की मांग की बैंक खाते में वर्दी की राशि डलवाई जाए तथा मध्य प्रदेश शासन आदेश अनुसार प्रतिवर्ष वेतन वृद्धि 500 जनवरी माह से लागू की जाए यह मांग रखी गई जहां पर कोटवार संघ सदस्य सीताराम मालाकार , बजरंग बैरागी , इंदरसिंह , अजमल , मोहनलाल वर्मा , देवीलाल , रामबाबू , देवीसिंह , लक्ष्मीनारायण , विष्णु , रघुनाथ सहित अन्य कोटवार मोजूद रहें।

### नशा मुक्ति का लिया संकल्प

## कॉलेज में युवा दिवस पर रोजगार मेले को लेकर विशेष आयोजन




**सारंगपुर ।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय सारंगपुर में शुक्रवार को युवाओं के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए रोजगार मेले में पंजीयन हेतु विशेष विद्यार्थी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया साथ ही नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत शपथ ग्रहण कार्यक्रम एवं जन जागरूकता रैली भी निकाली गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की देवी माँ सरस्वती एवं युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। विद्यार्थी संवाद कार्यक्रम मुख्य वक्ता के रूप में विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल उपस्थित रहे । 12 जनवरी युवा दिवस पर लगने वाले रोजगार मेले में पंजीयन हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित किया ।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ममता खोईया ने रोजगार मेले की उपयोगिता पर प्रकाश डाला । मुख्य वक्ता ने कहा कि रोजगार मेला युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का सशक्त माध्यम है । रोजगार मेले में 110 कम्पनी जिसमे टाटा भी शामिल है अपना स्टाल लगाने वाली हैं स्थानीय जन को अधिक से अधिक अवसर प्राप्त हो इस उदेश्य से इतने वृहद रोजगार मेले का आयोजन हमारे शहर में मंत्री डॉ गोतम टेटवाल के प्रयासों से होने जा रहा हैं। नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत उपस्थित सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को नशे से दूर रहने और समाज को नशा मुक्त बनाने की शपथ दिलाई गई। इसके पश्चात महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में जन जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान युथ रेड क्रॉस प्रभारी धर्मेंद्र कुमार खैरवार , प्रभारी डॉ अरुणा सोलंकी,डॉ विमल लोदवाल, प्रो संगीता गुप्ता, डॉ अर्चना वर्मा, डॉ मो वसीम शेख दीपिका जोशी, सोनम करोड़िया, डॉ दीप्ती सिसोदिया, भगवान सिंह पाटीदार अन्य स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में सभी का सराहनीय योगदान रहा।

# ...तो सोमवार से हड़ताल पर चले जाएंगे राजगढ़ के सभी सफाईकर्मी, कलेक्टोरेट पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

**राजगढ़।** नगर पालिका की माली हालत बहुत दयनीय चल रही है। आलम यह है की नियमित सहित संविदा एवं मस्टर पर कार्यरत स्वच्छताकर्मियों को वेतन, पगार के लिए दो से तीन माह तक इंतजार करना पड़ रहा है। इस कारण आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे राजगढ़ नपा के तहत कार्यरत सफाईकर्मियों ने सोमवार 12 दिसंबर से सामूहिक हड़ताल पर जाने की चेतवानी दी है।

इस संबंध में सभी कर्मचारियों ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट पहुंचकर अपनी उक्त सहित अन्य मांग का ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख है की तीन-तीन महीनों



तक पगार नहीं मिलने से कर्मचारियों को घर चलाने में खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ कर्मचारी बिजली का बिल नहीं भर पाए, इस वजह से उनके घर की बिजली काट दी गई है तो जिन कर्मचारियों ने लोन ले रखा है वे किश्तें समय पर जमा नहीं कर पाने से बैंक के डिफाल्टर होते जा रहे हैं। इसके साथ ही घर-गृहस्थी से जुड़ी अन्य जरुरते पूरी करने उन्हे दुकानों से सामान उधार लेना पड़ रहा है। दो महीने से दुकानदारों ने सामान देने से मना कर दिया क्योंकि वे पुराना बाकी ही नहीं चुका पाए हैं। ज्ञापन आगे उल्लेख है की उन्हें यदि अभी तक का बकाया भुगतान नहीं मिलता तो सोमवार से सभी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।

#### हर महीने 5 तारीख तक दिया जाए वेतन

ज्ञापन में यह भी उल्लेख है की सिर्फ अभी की बात नहीं है बल्कि उनकी प्रमुख मांग यह भी है की सभी कर्मचारियों को हर महीने की 5 तारीख तक उनकी पगार, वेतन दे दिया जाए। लगातार आर्थिक संकटों से जूझने के चलते हम हड़ताल पर जाने को मजबूर हैं।

## गुर्जर मोहल्ला वार्ड 5 में सीसी रोड निर्माण शुरू



**जीरापुर।** नगर की वार्ड क्रमांक 5 की मुख्य रोड की समस्या कई दिनों से लंबित थी , इस समस्या की लेकर नगरवासियों की मांग को नगर परिषद ने अपने संज्ञान में लाते हुए , सीमेंट कांक्रीट निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जो वार्ड क्रमांक 5 गुर्जर मोहल्ला में होगा सीमेंट कांक्रीट निर्माण कार्य 30 लाख रुपए की लागत से किया जा रहा है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, सीएमओ हरिओम शर्मा उपयंत्री ब्रजेश उपाध्याय ने निरीक्षण किया। जहां पर उन्होंने निर्माण कार्य देखा परिषद ने बताया कि यह रोड गुर्जर मोहल्ले से लेकर भावसार मोहल्ला से होकर गणेश मंदिर चोपड़ा बाजार तथा 20 लाख की लागत से भावसार कुंडी से श्मशान घाट वार्ड 9 बढ़ वाली गली तक भी निर्माण किया जाएगा। इसमें गुर्जर मोहल्ले का निर्माण कार्य प्रारंभ होकर तोलाराम जी की दुकान से भावसार मंदिर तक लागत 30 लाख रुपए में होगा। निरीक्षण के दौरान पार्षद हेमन्त जोशी , शिव मंडलोई , मुकेश पुष्पद टेक्सी , कमल झावा एवं अन्य नागरिक भी मोजूद रहें। जहां पर सीएमओ हरीओम शर्मा ने कहा कि यदि निर्माण कार्य में गुणवत्ता कि कमी हो तो मुझे फोन पर अवगत करावे ताकि घटिया निर्माण से बचा जा सके।

## छुरी मारने वाले दोषी को 1 साल का कारावास

**घर पर शराब पिलाने के बाद किया था हमला।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई

अपर सत्र न्यायाधीश आनंद गौतम ने एक गंभीर आपराधिक मामले में आरोपी दीपू उर्फ दीपचंद आदिवासी को दोषी करार दिया है। न्यायालय ने आरोपी को एक वर्ष का सश्रम कारावास एवं 200 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अपर लोक अभियोजक राघवेन्द्र सिंह दांगी ने बताया कि घटना 29 सितंबर 2018 को फरियादी जित्तू उर्फ जितेंद्र ने थाना कुरवाई में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रात करीब 10 बजे आरोपी ने उसे अपने घर बुलाकर शराब पिलाई।

शराब पीने के दौरान विवाद होने पर आरोपी दीपू उर्फ दीपचंद ने छुरी से हमला कर दिया, जिससे फरियादी के कान में गंभीर चोट आई और खून बहने लगा।

### अक्षत वितरण कर लिया गया जन सहयोग

# हिंदू सम्मेलन की तैयारी में घर-घर जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

आगामी 22 जनवरी को सारंगपुर में आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर समाजजनों द्वारा नगर में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में महाकाल बस्ती सहित विभिन्न वार्डों में घरदृघर जाकर अक्षत वितरण कर नागरिकों को सम्मेलन में शामिल होने का आमंत्रण दिया गया तथा जन सहयोग भी प्राप्त किया गया। इस अभियान के दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष भेरूलाल पुष्पद,



जुगल किशोर दुबे, मनीष चैरसिया, सुशील व्यास, महेश पाटीदार, सतीश राठौर एवं अनिल जैन ने नागरिकों से संवाद कर सम्मेलन की महत्ता बताते हुए सहयोग का आह्वान किया। वही महाकाल बस्ती में बस्ती प्रमुख वैभव जैन, उज्जवल शर्मा, गोविंद राठौर, सत्यम शर्मा सहित बड़ी संख्या में मातृ शक्ति एवं स्वयंसेवक बंधु उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर घरदृघर जाकर लोगों को आमंत्रण पत्र एवं अक्षत प्रदान किए और अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में सहभागिता का आग्रह किया। आयोजकों ने बताया कि यह सम्मेलन सनातन संस्कृति, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्रभक्ति के मूल्यों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसमें नगर के सभी समाजजनों से सहभागिता की अपील की गई है।

# दिसंबर माह में विभिन्न विभागों से 26 लोक सेवक रिटायर्ड, किया सम्मानित

### सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को प्रदान किए गए पीपीओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को अपनी पेंशन, ग्रेज्युटी, भविष्य निधि सहित अन्य भुगतानों के लिए लंबा इंतेजार नहीं करना पड़ रहा है। जिला प्रशासन ने रिटायर्ड कर्मचारियों के लिए प्रभावी और संवेदनशील व्यवस्था बनाई है जिसके तहत उन्हें सेवानिवृत्ति के कुछ ही दिनों में पीपीओ प्रदान किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में गत दिसंबर माह में जिले के विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त हुए 26 अधिकारियों, कर्मचारियों के लिए कलेक्टोरेट सभागार में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान सभी रिटायर्ड लोकसेवकों को पीपीओ प्रदान करते हुए प्रशासन उन्हें सम्मानित करते हुए भावभीनी विदाई दी गई।



#### दिसंबर में ये कर्मचारी हुए हैं सेवानिवृत्त

माह दिसम्बर 2025 में सेवानिवृत्त हुए अधिकारी, कर्मचारियों में आत्माराम सुतार, जगमोहन गुप्ता, शीला शर्मा, सुधीर जैन, राधेश्याम गुर्जर, ललित विश्वकर्मा, निशा सक्सेना, अशोक कुमार पंचोली, कृष्णा गुरगेला, दरियाव सिंह परमार, कृष्ण वल्लभ सक्सेना, राधेश्याम संगवालिया, अफसाना, ओमप्रकाश गुप्ता, राजेन्द्र गुप्ता, विनोद चैधरी, अरूणा त्रिपाठी, राधेश्याम जाट, अवधेश, बाबूलाल चैहान, ओमप्रकाश वर्मा, सोरम बाई, जाकिर हुसैन, बाबूलाल, गिरीश चन्द्र शर्मा, गोविन्द सिंह चौहान, हेमन्त दवे, नरेन्द्र कुमार व्यास, राजेन्द्र कुमार शर्मा एवं अनिता बंसल शामिल हैं। उक्त में चार कर्मचारी ऐसे हैं जो नवंबर में रिटायर्ड हुए थे लेकिन किसी कारणवश उनको सम्मानित नहीं किया जा सका था।

### राज्यमंत्री सहित कई गणमान्य लोग हुए आयोजन में शामिल

# श्रृंखला से पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा





नगर में नगर की समस्त शैक्षणिक संस्थानों द्वारा पर्यावरण जागरण की पहल के अंतर्गत आयोजित विशाल मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया उक्त आयोजन का शुभारंभ वैष्णो देवी मंदिर से हुआ जिसमें भारत माता ,भगत सिंह और सुभाष चंद्र बोस की रथयुक्त झांकी बनाई गई। भारत माता का पूजन मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार ने तिलक चंदन माला के साथ पूजन किया । तत्पश्चात नगर के समस्त शैक्षिक संस्थानों के विद्यार्थियों द्वारा वैष्णो देवी मंदिर से लेकर अहिंसा द्वारा तक बनाई गई मानव श्रृंखला में हजारों छात्र-छात्राए एक दूसरे का हाथ पकड़ कर मानव श्रृंखला बनाकर पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध दिखाई दिये । मुख्य आकर्षण का केंद्र घोष रहा जिसका शानदार प्रदर्शन विवेकानंद विद्या विहार के बच्चों ने किया। की नगर के गणमान्य नागरिकों ने भारत माता की झांकी पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। अंत में समापन अहिंसा द्वार पर भारत माता की आरती के आयोजन के साथ हुआ और समस्त छात्र-छात्राओं और उपस्थित जन सामान्य को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई इस अवसर पर राज्य मंत्री नारायण सिंह पवार ने समस्त विद्यार्थियों और संस्था संचालक और शैक्षणिक संस्थाओं को जागरूकता हेतु सभी को संबोधित किया। इस अवसर पर नगर की 20 विद्यालय और 15 कोचिंग संस्थानों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार , नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह,अमित शर्मा ,इंदरसिंह लववंशी , दीपकमल शर्मा विश्व हिंदू परिषद विभाग मंत्री अशोक गुप्ता ब्यावरा ब्लॉक शिक्षा अधिकारी,दिलीप शर्मा बीआरसी शिक्षा विभाग दुबे सहित, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के ब्लॉक अध्यक्ष हरिओम दांगी, कार्यक्रम संयोजक डा मुकेश मारू, डा कमल आलोक प्रसाद, जतिन गुप्ता अंकित गुप्ता ,आर एस राजपूत ,एम एल लववंशी, देवराज पंवार, अशोक दुबे , शिवम चंद्रवंशी, संजय सक्सेना , धर्मेंद्र सक्सेना प्राइवेट कोचिंग एसोसिएशन से सत्येंद्र सेंगर , प्रदीप शिवहरे अशोक साहू ,राम दांगी ,नितेश गौर, दीपक विश्वकर्मा प्रवीण सी सिंह राजपूत नगर के समस्त छात्र-छात्राऔ ने सहभागिता की। यह प्रेरक आयोजन पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने एवं भावी पीढ़ी को प्रकृति के प्रति जिम्मेदार बनाने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। आइए, हम सभी मिलकर स्वच्छ, हरित और सुरक्षित भविष्य के निर्माण का संकल्प लें। कार्यक्रम का संचालन एम एल लववंशी ने किया । मानव श्रृंखला में शामिल नगर की समस्त स्कूल और कौचिंग संस्था संचालकों और समस्त छात्र-छात्राओं और उपस्थित जनसमुदाय का आभार डा.मुकेश मारू ने माना।